श्री तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर में श्री राम जन्मोत्सव आज से

खंडवा। प्राचीन श्री तिलभांडेश्वर महादेव मंदिर रामगंज बुधवारा चौक खंडवा में श्री राम जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम किए जाएंगे।श्री केसरी नंदन हनुमान मंडल द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया है कि श्री राम जन्म महोत्सव गुड़ी पड़वा से श्री रामनवमी तक मनाया जाएगा।राम लला की मूर्ति स्थापना कर उत्सव मनाया जा रहा है।इस पावन महा उत्सव के अंतर्गत मंदिर प्रांगण में भगवान श्री राम राजा रामचंद्र के रूप में राज दरबार में विराजमान होंगे, साथ ही साथ भगवान की लीला का चित्रण झांकी के माध्यम से किया जाएगा। समाजसेवी कमल नागपाल के अनुसार उत्सव के आयोजन इस प्रकार हैं दिनांक 30 मार्च रविवार शाम 7.30 बजे मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा स्थापना एवं भोग होगा। एक अप्रैल गणगौर भजन संध्या रात्रि 8:00 बजे से होगी। 5 अप्रैल सुंदर कांड का पाठ होगा, वहीं 6 अप्रैल को प्रभु श्री राम लला जन्म एवं महा आरती दोपहर 12:00 बजे से होगी, शाम 4:00 बजे से श्री राम रथ यात्रा का भव्य आयोजन होगा। इस दौरान आरती का समय रोज शाम 7:30 बजे से रहेगा।

खुटपल गांव की बोरिंग सूखने पर ग्रामीणों में आक्रोश

खंडवा/मुंदी-। खंडवा जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम खुटपल मे रविवार को ग्रामीणों ने पेयजल को लेकर हंगामा कर चक्का जाम कर दिया।बताया जाता है कि ग्राम के किसी अन्य बोरवेल के कारण ग्राम के सरकारी बोरवेल का जलस्तर निचे चला गया। जिससे ग्रामीणों के सामने पेयजल का संकट खड़ा हो गया। गुसाए ग्रामीणों ने रविवार को हंगामा कर दिया और चक्का जाम कर दिया। पेयजल कि समस्या के निराकरण के लिए ग्रामीणों कि और से प्रशासन से निराकरण करने के लिए मांग कि गई। ग्राम के सरकारी बोरवेल मे पानी नहीं आने कि जानकारी लगते ही बड़ी संख्या मे ग्रामीण एकत्रित हो गए और पेयजल कि समस्या का निराकरण निकालने कि मांग करने लगेगा। देखते ही देखते बड़ी संख्या मे लोग जमा हो गए। सरपंच राहुल मंडवाल ने बताया कि गर्मी के चलते सरकारी ट्यूबवेल का जलस्तर कुछ हद तक निचे चले गया है।हालाकि पेयजल कि ग्रामीणों को किसी प्रकार कि दिक्कत नहीं आएगी। नया ट्यूबवेल करवा दिया है।

बच्चों को धर्म और आध्यात्म का ज्ञान जरूरी है-पं. ललित किशोरजी

बीड़/मुंदी-। मूंदी में समाजसेवी लक्ष्मीचंद्र बारड के द्वारा किसान मोहल्ले में भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है जिसमें बड़ी संख्या में प्रतिदिन महिलाएं पुरुष बच्चे आमजान कथा का श्रवण कर रहे हैं भागवत कथा के दौरान रविवार को महामंडलेश्वर विवेकानंद पूरी जी का आगमन हुआ। मूंदी में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के चतुर्थ दिवस में हरदा से पधारे परमपूज्य पण्डित ललित किशोरजी दधीचि ने श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा भक्तो को श्रवण करवाई। उन्होने कहा कि बच्चों को धर्म और आध्यात्म का ज्ञान जरूरी है, श्रीकृष्ण की भक्ति से ही मुक्ति मिलती है।श्रोताओं को मोहमाया से दूर रहकर श्रीकृष्ण की भक्ति का मार्ग अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि इस संसार में सब कुछ नश्वर है। केवल श्रीकृष्ण ही अनादि और अनंत हैं। कथा में महामंडलेश्वर स्वामीजी श्री विवेकानंद पूरी जी का भी आगमन हुआ तथा उनके श्रीमुख से भी भक्तो ने आशीर्वचन प्राप्त किए। चैत्र नवरात्रि के प्रथम दिवस तथा नववर्ष के शुभारंभ होने पर सबको शुभकामनाए प्रेषित की तथा भक्तो ने दर्शनों का पुण्यलाभ प्राप्त किया। महामंडलेश्वर ने आशीष वचन देते हुए लोगों को अपने माता-पिता की सेवा करने की सलाह दी। महामंडलेश्वर जी ने बताया कि बचपन में मिला धार्मिक ज्ञान जीवन भर साथ रहता है। इसलिए माता-पिता को बच्चों को धर्म और आध्यात्म का ज्ञान अवश्य देना चाहिए

पंधाना विधायक छाया मोरे ने किया प्राचीन बावड़ी के जीर्णोद्धार का भूमि पूजन

खंडवा/,पंधाना।। जनपद पंचायत पंधाना के ग्राम पंचायत घाटीखास में शनिवार को 300 वर्ष पुरानी ऐतिहासिक बावड़ी के जीर्णोद्धार कार्य का भूमि पूजन किया गया। समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि यह कार्य जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किया जा रहा है। भूमि पूजन कार्यक्रम में पंधाना विधायक छाया मोरे ने भाग लिया और क्षेत्र में जल संरक्षण के महत्व पर जोर दिया। इसके साथ ही विधायक छाया मोरे ने ग्राम पंचायत घाटीखास में 5 लाख 80 हजार रुपये की लागत से निर्मित सीसी रोड का लोकार्पण भी किया। इस सड़क के निर्माण से ग्रामीणों को आवागमन में सुविधा होगी और विकास कार्यों को गति मिलेगी। इसके अलावा, बड़े महादेव में भी एक अन्य बावड़ी के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष फकीरचंद कुशवाह, ग्राम पंचायत सरपंच डिग्रीलाल शिंदे, जनपद पंचायत सीईओ सुरेश टेमने, जयपाल सिंह गौड़ सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे, विधायक छाया मोरे ने कहा कि ऐतिहासिक धरोहरों का संरक्षण और जल स्त्रोतों का पुनर्जीवन सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने ग्रामीणों से जल संरक्षण में सहयोग करने की अपील की और क्षेत्र में विकास कार्यों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया। प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि चुने हुए जनप्रतिनिधि का दायित्व निभाते हुए पंधाना विधायक छाया मोरे क्षेत्र के विकास के लिए लगातार सक्रिय प्रयास कर रही है

पारंपरिक रूप से मना दादाजी की नगरी में हिन्दू नववर्ष गुड़ी पड़वा

खंडवा। शहर में हिन्दू नववर्ष की अगवानी में अनेक धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। धार्मिक एवं सामाजिक संगठनों द्वारा नववर्ष के आयोजनों को लेकर पिछले एक पखवाड़े से लगातार तैयारियां की जा रही थी जिसका उत्साह हिन्दू नववर्ष पर देखने को मिला। समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि अनेकता में एकता यही है हमारे भारत की विशेषता यहां हर त्यौहार धर्म और संस्कृति के आधार पर मनाए जाते हैं,

अनेक पौराणिक सांस्कृतिक धार्मिक और एतिहासिक प्रंसगों से जुड़े हिन्दू नववर्ष का अभिनंदन प्रातः सूर्य को अर्घ्य दिए जाने के साथ ही प्रारंभ हुआ। गुड़ी पड़वा अर्थात हिन्दू नववर्ष की अगवानी अभिनंदन में शहर सहित जिलेभर में विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम संपन्न हए।नूतन वर्ष अभिनंदन से जुड़े ये कार्यक्रम सुबह से लेकर रात्रि तक जारी रहे। चैत्र शुक्ल पक्ष का गुड़ी पड़वा से शुभारंभ हुआ साथ ही चैत्र शुक्ल की नवरात्रि पर्व का भी प्रारंभ हुआ। नौ दिनों तक मां की भक्ति की जाएगी।

समाजसेवी व संस्था सदस्य सुनील जैन ने बताया कि नववर्ष के शुभारंभ अवसर पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी पूर्व निमाड सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति के तत्वावधान में खंडवा के ह्रदय स्थल घंटाघर उद्यान में बड़ी संख्या में सूर्य उदय के समय प्रातः 6 बजे श्रद्धालु पहुंचे और तांबे के जल पात्र से डॉ अनिल पटेल के मंत्रोच्चार के साथ सूर्य देव को नमस्कार कर अर्घ्य चढ़ाया, साथ ही पुष्प व कुमकुम अक्षत से पूजा अर्चना भी की। बड़ी संख्या में ड्रेस कोड केसरिया वस्त्र पहने मातृशक्ति भी शामिल हुई। इंदौर के राजवाड़ा की तर्ज पर यह आयोजन पूर्व निमाड़ सामाजिक सांस्कृतिक सेवा समिति के तत्वावधान में प्रतिवर्ष हिंदू नव वर्ष के आगमन पर आयोजित किया गया और संकल्प लिया गया कि आने वाले वर्षो में और भी उत्साह के साथ यह कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। सुनील जैन ने बताया कि कार्यक्रम में महापौर अमृता यादव कार्यक्रम संयोजक आशीष चटकले भूपेंद्र सिंह चौहान ने सभी उपस्थित जनों को नव वर्ष की शुभकामनाए प्रेषित की, इस अवसर पर महापौर अमृता यादव ने कहा कि अब समय बदल रहा है हम सभी सनातनी धर्म की ओर बढ़ रहे हैं अब हम सबको मिलकर अंग्रेजी नव वर्ष भूलकर विक्रम संवत के हिंदू नव वर्ष को धार्मिक उत्साह के साथ मनाना है, और साथ ही हमारी युवा पीढ़ी को भी इसका अनुभव करना है, आयोजित कार्यक्रम में महापौर अमृता अमर यादव, सेवादास दास पटेल, आशीष चटकेले,भूपेन्द्रसिंह चौहान ,नागेश वालंजकर,सुनील जैन, रितेश चौहान, कैलाश पटेल, अनिल बाहेती, नारायण बाहेती,मंगलेश शर्मा, योगेश कोटवाले, राधेश्याम पटेल, कांतिभाई पटेल, रक्षा महेश्वरी , ममताबोरसे, शोभा तोमर, ज्योति वालंजकर, आशा उपाध्याय, सुजाता मौरे, पूजा जैन, सरिता तोमर,अंजलि कानूनको, , मनीषा पाटिल, योगिता माहेश्वरी, , चेतना शर्मा,सीमा भावसार ,रक्षा प्रजापति,पिंकी राठौर, प्रतिमा अरोड़ा सहित बड़ी संख्या में समिति के पदाधिकारी मातृशक्ति उपस्थित थी। कार्यक्रम पश्चात गुड और नीम की पत्ती प्रसादी के रूप में वितरित की गई, सभी ने एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामना बधाई प्रेषित की

आज हमारी युवा पीढ़ी को अंग्रेजी हैप्पी न्यू ईयर नहीं हिंदू नव वर्ष का अध्ययन कराना है, ,,मंत्री विजय शाह,,

हिंदू नव वर्ष आदिकाल से चली आ रही परंपरा है

खंडवा, गुड़ी पड़वा हिंदू नव वर्ष पर प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव द्वारा पूरे प्रदेश भर में विक्रमादित्य महोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर नव वर्ष का एक अच्छा संदेश देने का सफल प्रयास किया गया, महाकाल की नगरी भगवान श्री कृष्ण का शिक्षा शिक्षस्थली, विक्रमादित्य की जन्मस्थली उज्जैन में जन्म लेने वाले मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव को ईश्वर का ही आशीर्वाद है जिन्होंने हमारे सारे धार्मिक त्योहारों को शासकीय रूप में भी मानने का निर्णय लेकर युवा पीढ़ी को देश की धर्म और संस्कृति का एक अच्छा संदेश दिया है

यह बात प्रदेश के जनजाति कल्याण मंत्री डॉक्टर कुंवर विजय शाह ने किशोर भवन में आयोजित विक्रमादित्य महोत्सव कार्यक्रम के पश्चात पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही, समाजसेवी व प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि मध्य प्रदेश में मध्यप्रधदेश के कैबिनेट मंत्री डॉ .विजय शाह ने हिंदू नववर्ष को सर्वश्रेष्ठ बताते हुए इसकी व्याख्या शानदार तरीके से की । उन्होंने प्रखर वक्ता जैसे सम्राट विक्रमादित्य, डॉ मोहन यादव और उज्जैन को जोड़ा, वह विजय शाह की वाकपटुता को झलकाता है। मंत्री श्री शाह ने कहा कि अंग्रेजों के छुपे हुए नए वर्षों को भूलकर हमे विक्रम संवत के नए वर्षों को अपनाना है और हमारे युवा पीढ़ी को भी 31 न्यू ईयर नहीं गुड़ी पड़वा हिंदू नव वर्ष को धार्मिक उत्साह के साथ मनाना है मध्यप्रदेश के आदिम जाति कल्याण मंत्री विजय शाह के राजनीति के तरीकों में लगातार निखार आता जा रहा है। उनके काम करने के तरीके और शब्दों का चयन खंडवा में देखने को मिला। विजय शाह ने गुड़ी पड़वा पर एक आयोजन में उज्जैन की व्याख्या शानदार तरीके से की।प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि हिंदू नववर्ष और विक्रम संवत पर श्री शाह ने कहा कि हिंदू जीवन पद्धति अनादिकाल से चली आ रही है। मध्य प्रदेश का भी सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी उज्जैन से आते हैं। भगवान महाकाल, सम्राट विक्रमादित्य और विक्रम संवत का उल्लेख वेदों और पुराणों में भी है।अंग्रेजी नववर्ष गुलामी का प्रतीक अंग्रेजी नववर्ष को श्री शाह ने गुलामी मानसिकता बताते हुए कहा कि समृद्ध इतिहास इसका गवाह है कि अक्षांश और देशांत रेखाएं उज्जैन में ही मिलती हैं। यहां गणित, भूगोल और विज्ञान के आविष्कार व गणना से उज्जैन भरपूर रहा है। गुड़ी पड़वा के समय ही ईद, होली, फसलें, पलाश के फूल भी प्रकृति का वरदान है। समय की गणना अंग्रेज़ों से पहले उज्जैन में ही हुई थी। अंग्रेजों के हजारों साल पहले यह खोज की जा चुकी थी। इस अवसर पर मंत्री श्री शाह के साथ महापौर अमृता अमर यादव, विधायक कंचन मुकेश तनवे, जिला पंचायत अध्यक्ष की पिंकी वानखेडे सुनील जैन उपस्थित थे।

कर्मचारियों का महंगाई भत्ता बढ़ाया गया तो राज्य के कर्मचारियों को क्यों नहीं

बुरहानपुर। मध्य प्रदेश कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेशनल मूवमेंट ऑफ़ ओल्ड पेंशन स्कीम ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित मध्य प्रदेश सरकार से मांग की है जब केंद्र सरकार ने सांसद का वेतनऔर केंद्र कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 2त बढ़ा दिया गया है तो राज्य सरकार राज्य के कर्मचारियों का महंगाई भत्ता क्यों नहीं बढ़ा रही जिसके कारण प्रदेश के 7-30 लाख कर्मचारी अधिकारी और पेंशनधारियों में आक्रोश है नाराजगी है संयुक्त मोर्चा के पदाधिकारी ठाकुर संजय सिंह गहलोत डॉक्टर अशफाक खान, धर्मेंद्र चौकसे ,अरविंद सिंह ठाकुर, अनिल बाविस्कर, हेमंत सिंह ,बृजेश राठौर अत्ताउल्लाह खानका कहना है कि जब भी केंद्र सरकार महंगाई भत्ता बढ़ती है तो राज्य सरकार द्वारा यह वादा किया गया है कि मध्य प्रदेश में सरकार भी कर्मचारियों को महंगाई भत्ता केंद्र के समान दिया जाएगा लेकिन बार-बार विलंब के कारण कर्मचारियों को महंगाई भत्ते समय पर नहीं मिल पाता एवं उसका एरियाज भी नहीं मिलता जिसके कारण आर्थिक रूप से प्रभावित होते हैं विदित हो की केंद्र सरकार द्वारा55त्न महंगाई भत्ता किया गया है और राज्य सरकार अभी भी 50त्न महंगाई भत्ते के अनुसार वेतन दे रही है जिसके कारण वर्तमान कर्मचारियों/ अधिकारियों के साथ-साथ पेंशन धारी कर्मचारी को आर्थिक रूप से तकलीफ होती है जो पेंशन स्कीम की श्रीमती प्रमिला सगर कल्पना पवार ने सरकार से निवेदन किया है ।

ओंकारेश्वर को स्वच्छ साफ बनाना है

ओंकारेश्वर (ललित दुबे)- सभी को मिलकर ओंकारेश्वर को स्वच्छ साफ बनाना है जिला प्रशासन ने सभी से कि अपील एसडीएम ने समिति गठित कर दायित्व सोपे जिला प्रशासन की पहल व नगर वासियों के सहयोग से ओम्कारेश्वर बनेगा साफ व स्वच्छ एसडीएम द्वारा बनाई गई समिति ने अपने दायित्व का किया निर्वाह की सफाई ओंकारेश्वर को साफ स्वच्छ बनाने के उद्देश्य को लेकर कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक द्वारा जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों संतो संगठनो की बैठक में जन भागीदारी से स्वच्छता मे सहयोग की अपील की थी उसी के तहत एसडीएम द्वाराओंकारेश्वर के प्रमुख कोटि तीर्थ घाट बिसल्दिया घाट चक्रतीर्थ घाट .ओकार मठ घाट . गोमुख घाट केवल रामघाट . अभय घाट . नागर घाट ब्रह्मपुरी घाट संगम घाट मुख्य मार्ग के लिए लगभग 10 समितियां गठित कर पूरी साफ सफाई की सूचित तैयार कर अवगत करा दिया गया था उसी के तहत कोटि तीर्थ घाट पर पंडित अर्पण दुबे मंदिर ट्रस्ट सहयोगियों के माध्यम से स्वच्छता अभियान चलाया इसी प्रकार नागर घाट दुकानदारों अभय घाट मार्कंडेय संयास आश्रम संतो ब्रह्मपुरी घाट पर मातृ रक्षा संगठन व नाविक संघ संगम घाट पर सुनील सोने को दुकानदारों ने स्वच्छता का बीड़ा उठाते हुए एक अलग संदेश दिया जिससे सभी को प्रेरणा लेकर अपने-अपने वार्डों मुख्य मागौ दुकानों एवं घाटों की साफ सफाई से तीर्थ स्वच्छ बनेगा

जिला अस्पताल ने सौंपा बाल कल्याण समिति को नवजात

खंडवा।। नवजात बालक बालिकाओं के लिए दादाजी की नगरी खंडवा उनके नए जीवन के लिए लगातार प्रेरणा बन रहा है, नववर्ष पर अस्पताल एस एन सी यू वार्ड में खुशी की लहर गूंजी जब परिसर मे गुड़ी पडवा के पावन पर्व पर नवजात शिशु का मंत्रो उच्चारण के साथ पं निखलेश जैन ने नामकरण किया, समाजसेवी सुनील जैन ने बताया कि जिसका कोई नहीं उसका परमात्मा होता है और दादाजी की नगरी में इस प्रकार के नवजात शिशुयो की रक्षा सुरक्षा कर उन्हें नए जीवन के लिए दंपतियों को सौंपने के लिए यह शहर एक पहचान बन चुका है, न्यायपीठ बाल कल्याण समिति अध्यक्ष प्रवीण शर्मा डा. कृष्णा वास्कले, और किंजल जैन ने मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ ओ पी जुगतावत के मार्गदर्शन में नवजात शिशु को न्यायपीठ सदस्य स्वप्निल जैन, रुचि पाटिल, कविता पटेल, अध्यक्ष प्रवीण शर्मा के सानिध्य मे सुपंद किया, और न्यायपीठ बाल कल्याण समिति खंडवा कोरम ने न्यायिक दायित्व निभाने के साथ ही सामाजिक दायित्व का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत करते हुए नवजात शिशु को उसके उज्ज्वल भविष्य को ध्यान में रखते हुए जिला चिकित्सालय के सहयोग से स्वयं जाकर किलकारी शिशु गृह मे प्रवेश दिलाया और शिशु गृह को सौंपा।

पोरवाड़ सामाजिक मंच ने समाज अध्यक्ष वीरेंद्र भटयांण का किया अभिनंदन

खंडवा/ जैसे एक प्रधानमंत्री देश का प्रथम नागरिक होता है, राज्य का प्रथम नागरिक मुख्यमंत्री होता है ,नगर का प्रथम नागरिक महापौर होता है ,वैसे ही समाज का प्रथम नागरिक समाज अध्यक्ष होता है जो समाज को आगे ले जाने में मुख्य भूमिका निभाता हैं। वे अपने विवेक और समर्पण से समाज को एक सूत्र में बांध कर संभालते है और नई दिशा देने का कार्य करता हैं।अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ सामाजिक मंच समय - समय पर नई नई गतिविधियां करता रहता हैं।इसी के अंतर्गत इस बार मंच के सांस्कृतिक विभाग द्वारा प्रत्येक झोन के पोरवाड़ समाज अध्यक्ष को सम्मानित किया जा रहा है।

मीडिया प्रभारी प्रेमांशु चौधरी ने बताया कि समाज का अध्यक्ष समाज का प्रथम नागरिक होता है। वह अपने विवेक से समाज व धर्म को संभालने अपना समर्पण देता है। अध्यक्षों का सम्मान कर मंच खुद को गौरवांवित महसूस कर रहा है।इस कड़ी में अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ सामाजिक मंच खंडवा झोन द्वारा खण्डवा पोरवाड़ समाज अध्यक्ष श्रीमान वीरेंद्र जैन भटयांण का 29 मार्च शनिवार को रात्रि 8.30 बजे श्री पोरवाड़ दिगम्बर जैन धर्मशाला में अभिनंदन पत्र भेंट कर शाल श्रीफल से समाजजनों की उपस्थिति में सम्मानित किया गया।श्री भटयांण पिछले 15 साल से ट्रस्टी के पद पर रहकर एवं 8 वर्ष से समाज के अध्यक्ष पद पर रहते हुए समाज को।अपनी सेवा दे रहे है। सम्मानित होने पर श्री भटयांण ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय पोरवाड़ सामाजिक मंच द्वारा मुझे जो यह सम्मान दिया गया वह मेरा स्वयं का सम्मान न होकर सर्वप्रथम मेरी धर्मपत्नी मधुलिका जैन का है जिसने मुझे हमे समाजसेवा करने के लिए प्रेरित किया एवं दूसरा पूरी समाज एवं मेरे सहयोगी ट्रस्ट मंडल का सम्मान हैं क्योंकि आप सभी के सहयोग के बिना समाज का सुचारू रूप से संचालन सम्भव नहीं था । मैं इस सम्मान के लिए अंतरराष्ट्रीय पोरवाड़ सामाजिक मंच,सकल पोरवाड़ दिगम्बर जैन समाज तथा मेरे सहयोगी ट्रस्टियों का आभारी हूं । सम्मान करने वालो में मंच के पदाधिकारी अधिवक्ता प्रेमांशु कुमार जैन, मनीष जैन,प्रेमांशु चौधरी, प्रियंका जैन, शालु जैन ,नमिता जैन, प्रतीक जैन,निखिलेश जैन थे।